




# 16 की जगह 43 स्लीपर बर्थ, इमरजेंसी विंडो कर दी पैक

## परिवहन विभाग के अधिकारियों को 32 की जगह केवल 9 सीटें ही लगी मिलीं, स्ट्रक्चर में भी किया मनमाने तरीके से बदलाव

**स्पीपर बस हादसा**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर गोसाईगंज क्षेत्र में हादसे का शिकार हुई स्लीपर बस में प्राथमिक जांच में कई कमियां मिली हैं। परिवहन विभाग के जोनल अधिकारी राधेश्याम, आरटीओ प्रभात पांडेय और एआरटीओ आलोक कुमार ने बस की जांच की। आरटीओ पांडेय के मुताबिक बस संख्या एचआरएएफ-1323 गुड़गांव में प्रदीप कुमार के नाम से पंजीकृत है। 16 स्लीपर बर्थ और 32 सीट स्वीकृत हैं, लेकिन बस में 43 स्लीपर और केवल नौ सीटें ही लगी मिलीं। बस के स्ट्रक्चर में भी मनमाने तरीके से बदलाव किया गया है। डीटीसी राधेश्याम ने बताया कि मंगलवार को टेक्निकल टीम आरआई विष्णु कुमार के नेतृत्व में जांच करेगी। तकनीकी रिपोर्ट सामने आने के बाद पूरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। उसके आधार पर बस आपरेटर पर विधिक कार्रवाई के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

- **आज आरआई के नेतृत्व में टेक्निकल टीम करेगी जांच**

आरटीओ पांडेय ने बताया कि एआईएस मानक के अनुसार आपातकालीन गेट पीछे होना चाहिए। गलियारा भी एकदम साफ होना चाहिए। जांच में आपातकालीन गेट के पास सीट लगी मिली। इससे हादसा होने के बाद यात्री आपातकालीन गेट से नहीं निकल सके।

एआरटीओ के मुताबिक हादसे में चालक की लापरवाही सामने आ रही है, क्योंकि स्लीपर बस के टायर नहीं फटे हैं। स्टेयरिंग भी फेल नहीं है। चालक या नींद में था या फिर नशे में। चालक और कंडक्टर दोनों मौके से भाग गए हैं। एमवी एक्ट के तहत हादसा होने की स्थिति में चालक की जिम्मेदारी है कि वह स्थानीय पुलिस को सूचना दे। इसके अलावा वह घायलों की मदद करे। चालक ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। बस गुड़गांव में पंजीकृत है।




सिविल अस्पताल में भर्ती पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर गोसाईंगंज में हुए बस हादसे में घायल यात्री से जानकारी लेते पुलिस कर्मी और दूसरे घायल यात्री का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

### ये यात्री हुए घायल

- रूपेश, प्रभात, रोहित रंजय कुमार, रमन कुमार, फरमान, रेनू देवी, सितारा देवी, गौरव कुमार, ओमकार सिंह, रवींद्र कुमार, रघुनंदन, राजू, सुलेखा, पूनम, काव्या, संजू, गुंजा, सिद्धार्थ, अभिलाषा, शिव कुमार, प्रमोद, जितेंद्र सिंह, रेणु देवी, राजेंद्र कुमार, राजकुमारी, परशुराम और राज कुमार को सिविल और अपेक्स ट्रामा-2 में भर्ती कराया गया है। वहीं, केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में मुमताज, निशा, विकास, छोटू, चांदनी, रीता, संजीत, रवींद कुमार, अरमान, प्रिंस, निभा, सोनू कुमार, बबलु कुमार, अजय, दिलीप और ऋषिदेव को भर्ती कराया गया है। इसमें 5 की स्थिति नाजुक है। लगातार चिकित्सकीय टीम निगरानी कर रही है।

### आधे घंटे पहले ही चालक और परिचालक ने ढाबे पर पी थी शराब

- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर पलटने से आधे घंटे पहले एक ढाबे पर रुकी थी। यात्रियों के मुताबिक वहां चालक व परिचालक ने खाना खाया। इसके साथ शराब भी पी। साथ में शराब की बोतल भी लेकर आए। जो घटना के बाद मौके से पुलिस को मिली। यात्रियों ने शराब पीने की बात पर नाराजगी जाहिर की तो दोनों ने साफ मना कर दिया। यहां से निकलने के कुछ देर बाद ही बस लहराकर रेलिंग से टकरा गई। हादसा होते ही चालक व परिचालक फरार हो गये। सोमवार को डबल डेकर बस पंजाब के लुधियाना से दरभंगा बिहार जा रही थी। शाम करीब 4 :30 बजे लखनऊ के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलट गई। हादसे से पहले बस लहराने लगी थी। सीएम योगी ने लखनऊ में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही सीएम ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने उचित मुआवजा प्रदान करने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए हैं। देर शाम पुलिस ने बस चालक हरियाणा के पानीपत निवासी सोमपाल को गिरफ्तार कर लिया।




सिविल अस्पताल में भर्ती बस हादसे में घायल यात्री।

### बस में बैठाए गए थे क्षमता से दो गुना यात्री

- हादसे में घायल यात्री ने बताया कि दो लोगों की सीट पर 4-4 लोगों को बैठा रखे थे। पीड़ित ने कहा कि ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ड्राइवर को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। वरना हमारे जैसे लोग घूमने आएंगे और मर कर घर वापस जाएंगे। घायल ने प्रदेश सरकार से मांग की कि हम लोगों को आर्थिक मदद मिलनी चाहिए। घायल आशीष कुमार ने बताया कि हम भीमपुर जा रहे थे। लखनऊ के आसपास ड्राइवर समेत हम लोगों ने खाना भी खाया था। आशीष ने बताया कि बस अचानक अनियंत्रित हो गई थी। गाड़ी के पलटी मारते ही हम अपनी जान बचाने के चक्कर में बस से फांद गए थे। उन्होंने बताया कि टिकट के तौर पर 1500 रुपये लिए थे, लेकिन टिकट नहीं दिया था। पीड़ित के मुताबिक, शराब के लिए पैसे लिए थे। उसने शराब भी पी रखी थी। ड्राइवर ने मनमानी किया था, एक सीट पर 7-8 लोगों को बैठा रखा था।

### 15 बस यात्री केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, पांच की हालत नाजुक

- हादसे के बाद 108 एम्बुलेंस और चिकित्सकों की टीम को अलर्ट किया गया। सूचना मिलते ही 108 और 102 की कई एम्बुलेंस घटना स्थल रवाना हो गईं। शासन के निर्देश पर लोकबंधु अस्पताल और स्थानीय सीएचसी के चिकित्सकों का दल भी घटना स्थल पर पहुंचा। रेस्क्यू कर 28 घायलों को एसजीपीजीआई के अपेक्स ट्रामा सेंटर भेजा गया है। इनमें इसमें 7 बच्चे, 12 पुरुष और 9 महिलाएं शामिल हैं। प्रवक्ता कुसुम यादव ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है। उधर, स्थित गंभीर होने पर 15 घायलों को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। इनमें से पांच की हालत नाजुक बनी हुई है। ट्रॉमा में एक के बाद एक एम्बुलेंस आती रही, इससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पहले से सतर्क टीम ने घायलों को इमरजेंसी में पहुंचाने में मदद की। चिकित्सकों ने इलाज शुरू करने के साथ ही आवश्यक जांचे कराई। ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही चिकित्सकों की टीम को अलर्ट कर दिया गया था। घायलों को तत्काल इलाज शुरू करा दिया गया। कुल 15 घायलों को देर रात तक यहां भर्ती कराया गया है। विशेषज्ञों की टीम लगातार घायलों के इलाज की निगरानी में लगी है। वहीं, सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ.डीसी पांडेय ने बताया कि इमरजेंसी में चार घायलों को भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। सभी की हालत स्थिर है।



घायल को अस्पताल ले जाते एंबुलेंसकर्मी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षक हरिश्चंद्र सिंह को मिला मातृ भाषा रत्न

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज के शिक्षक हरिश्चंद्र सिंह को मातृ भाषा रत्न मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नेपाल की साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन की ओर से भारत-नेपाल मैत्री, देवनागरी लिपि संरक्षण और हिंदी-नेपाली भाषाओं के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए दिया गया है। संस्था अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने हरिश्चंद्र को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। हरिश्चंद्र शिक्षा में नवाचार और रचनात्मक लेखन के लिए सक्रिय रहे हैं।



हरिश्चंद्र सिंह

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** रामपुर बेहड़ा गांव में सोमवार सुबह कन्हैया लाल (27) का शव अमरुद के पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर गांव में अफरा-तफरी में मच गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामपुर बेहड़ा निवासी कन्हैयालाल रविवार रात को घर से बिना बताये निकल गया। इसके बाद वापस नहीं आया। परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे। देर रात तक कोई खबर नहीं मिलती। सोमवार सुबह उनके चाचा दिनेश जब खेत पर पहुंचे तो उन्होंने कन्हैयालाल को पेड़ से गमछे के फंदे से लटका देखा। तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिवार में पत्नी पूनम, बेटी एंजल है। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में आत्महत्या लग रहा है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। अतिरिक्त निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, उन्नाव :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेरियागाड़ा के मजरा सिंघूपुर निवासी दीनदयाल 50 वर्ष सोमवार को गांव के मनोज पुत्र कल्लू और लालजी के साथ बाइक से बिल्हौर मार्ग स्थित ग्राम मदार नगर आया था। वह देरशाम बाइक से उतरकर पैदल सड़क के उस पार स्थित एक लकड़ी के टाल पर जा रहा था। तभी अचानक बांगरमऊ से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने अधेड़ को रौंद दिया और बिल्हौर की तरफ भाग निकला। हादसे में अधेड़ लहूलुहान हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिजनों सहित तमाम ग्रामीण अस्पताल आ पहुंचे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घटनास्थल के निकट लगे सीसीटीवी खंगालकर वाहन को ट्रेस किया जाएगा और चालक पर कार्यवाही की जाएगी। पति की अचानक मौत की खबर मिलते ही पत्नी दुन्नी देवी अस्पताल पहुंची और पति का शव देख बिलखने लगी। पिता की मौत से मृतक के तीनों बेटे रो-रोकर बेहाल हैं।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध ने तोड़ा दम

**अमृत विचार, उन्नाव :** औरास थानाक्षेत्र के मोसलावां गांव निवासी रामजीवन (80) 12 फरवरी की शाम अपने पौत्र के साथ हरदोई में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तभी थानाक्षेत्र के पूराचांद गांव के पास कार की टक्कर से रामजीवन घायल हो गया था। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था। लेकिन परिजन उसका एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। जहां देररात उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके सुपुर्द किया।

# बेकाबू स्कूल वैन पलटी, तीन छात्र-छात्राएं घायल

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- **बीकेटी के चंद्रिका देवी मंदिर रोड पर सोमवार दोपहर हुआ हादसा**

**अमृत विचार:** बीकेटी के चंद्रिका देवी मंदिर रोड पर सोमवार दोपहर को बेकाबू स्कूली वैन सड़क किनारे बनी पानी टंकी से टकराकर पलट गई। हादसे में वैन में सवार आदर्श सरस्वती जूनियर हाईस्कूल के तीन छात्र घायल हो गए। वैन में 18 बच्चे सवार थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अवकाश के बाद करीब ढाई बजे वैन बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। रफ्तार तेज होने से वैन अनियंत्रित होकर टंकी से टकरा कर पलट गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और उन्हें बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे ने पुलिस वाहन से घायल बच्चों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई। छात्र अक्षांश (10) कक्षा 4, विभा (6) एलकेजी और प्रज्ञान (6) एलकेजी को चोटें आईं थीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाबालिग चालक लापरवाही से वैन चला रहा था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस की जांच में सामने आया कि वैन मानक के अनुसार नहीं थी। स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु नारायण द्विवेदी ने बताया कि वैन इंदौराबाग निवासी गुड्डू की है। जिससे बीकामऊ और किशुनपुर के बच्चों को स्कूल लाया जाता था। वाहन कौन चला रहा था, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।





बीकेटी के चंद्रिका देवी मंदिर रोड पर स्कूल वैन पलटने से घायल बच्चे।

# कलश यात्रा निकाल तालाब निर्माण को किया भूमि पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए जागरूक भी किया गया**

**अमृत विचार, लखनऊ :** भूमि संरक्षण विभाग ने सोमवार को सरोजनी नगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत पड़ियाना के ग्राम भदोई में वाटरशेड महोत्सव मनाया। मुख्य अतिथि जेएम त्रिपाठी तकनीकी सहायक ने भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार के साथ डब्ल्यूडीसी योजना के तहत ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली और लोगों को संदेश दिया। विभाग के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सिर पर कलश यात्रा निकाली। इसके बाद गांव में वाटरशेड परियोजना के तहत तालाब निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

इससे पहले योजना के तहत जीर्णोद्धार किए गए तालाब का लोकार्पण किया। उन्नतशील किसानों को प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम में परियोजना प्रभारी निखिल, दुर्गेश, दीपक, गायत्री, अमित, प्रवीण आदि ने सहयोग किया।

# दो डॉक्टरों के भरोसे ओपीडी के 900 मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बलरामपुर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी**

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में चिकित्सकों के सेवानिवृत्त के बाद विशेषज्ञों की कमी हो गई है। मरीजों के बढ़ते दबाव के चलते अस्पताल प्रशासन ने चार डॉक्टरों की तैनाती के लिए एनएचएम को प्रस्ताव भेजा है। अधिकारियों ने भी माना कि चिकित्सकों की कमी से इलाज प्रभावित हो सकता है।

अस्पताल की मेडिसिन यूनिट में स्वीकृत चार पदों के सापेक्ष तीन डॉक्टर तैनात हैं। एक डॉक्टर की ड्यूटी वीआईपी कार्य में लगी रहती है, इससे वह नियमित सेवाएं नहीं दे पाते हैं। दो डॉक्टरों पर ही ओपीडी ओपीडी में आने वाले 800 से 900 मरीजों को देखने की जिम्मेदारी रहती है। ओपीडी के मरीजों को परामर्श देने के साथ यही दो डॉक्टर भर्ती मरीजों की देखरेख भी करते हैं। अस्पताल प्रशासन ने एनएचएम से चार डॉक्टरों की तैनाती की मांग की है। इसके अलावा पुनर्नियुक्ति पर तैनात एक फिजिशियन की सेवा अवधि दो माह बढ़ाने के लिए भी पत्र भेजा गया है। सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि एनएचएम को पत्र भेजकर जल्द से जल्द चिकित्सकों की तैनाती की मांग की गई है।

# 53 ग्राम पंचायतों को मिले 1.26 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को मिलेगी रफ्तार**
- **अधूरे पड़े कार्यों के साथ नये कार्य होंगे शुरू**

**अमृत विचार :** स्वच्छता की दिशा में काम कर रहीं 53 ग्राम पंचायतों में बजट का अभाव नहीं रहेगा। केंद्र ने पंचायतों की मांग पर 1.26 करोड़ रुपये खातों में भेजे हैं। इससे पुराने कार्य पूर्ण होंगे और नये प्रस्तावित कार्य शुरू किए जाएंगे।

फर्रुखाबाद, पश्चिम गांव, सिकंदरपुर खुर्द, निजामपुर, पलहारी, महमूदपुर, सैयदपुर मेहरी, थावर, दोना, रजौल, शिवरी, बेती, नारायनपुर, हरौनी, बीबीपुर, प्यारेपुर, कमलापुर, करोवा, करनपुर, नगराम, दयालपुर, मस्तीपुर, रसूलपुर, टिकैतगंज, गहदोन, भानपुर, मवईखुर्द समेत 53 ग्राम पंचायतें स्वच्छता संबंधित कार्यों से मॉडल बनाने के लिए चयनित की गईं थीं। इन पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाए गए। जहां सूखा व गीला कूड़ा निस्तारित किया जाएगा।

इसके अलावा सभी में वर्मी कंपोस्ट बनाए गए। जहां कूड़ा से जैविक खाद बनाकर बिक्री से पंचायतों की आय बढ़ाई जाएगी। इससे कूड़ा निस्तारण भी होगा। गांवों में जलनिकासी के लिए सोख्ता गड्ढा, नाडेफ आदि भी बनाए हैं। इनमें कुछ निर्माण कार्य बजट के अभाव में पूर्ण नहीं हो पाए। इसकी वजह ग्राम पंचायतों के पास पर्याप्त बजट नहीं था।

जिला पंचायत अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पंचायतों की मांग पर 1.26 करोड़ रुपये मिले हैं। इससे समस्या नहीं आएगी। कूड़ा उठान के लिए ई-रिक्शा खरीदेंगे। नये वित्तीय वर्ष में दो एफएसटीपी भी बनेंगे।

**राजकीय आयुर्वेद कॉलेज** | मरीजों को 40 प्रकार की दवाओं में केवल 15 से 20 दवाएं ही मिल पा रही थीं

# 17 लाख मिले, दूर होगा दवाओं का संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में कई महीनों से चल रहा दवाओं का संकट दूर होने की उम्मीद जगी है। शासन से दवाओं की खरीद के लिए 17 लाख रुपये का बजट मिलने पर कॉलेज प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है।

राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 600 से 700 मरीज पहुंचते हैं। मरीजों को डॉक्टरों द्वारा पर्चे पर लिखी गई सभी दवाएं नहीं मिल पा रही थीं। कॉलेज की आरसी सूची में दर्ज 40 प्रकार की दवाओं में 15 से 20 दवाएं ही मरीजों को मिल पा रही थीं। इस समस्या को अमृत विचार ने 10 फरवरी के अंक में प्रकाशित किया था।



टूड़ियागंज के आयुर्वेद कॉलेज में दवाओं का टोटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 70 प्रकार की दवाएं स्वीकृत, काउंटर पर पांच से छह तरह की ही मौजूद

अमृत विचार : टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेद कॉलेज व चिकित्सालय में मरीजों को पर्चे पर लिखी सभी दवाएं नहीं मिल ... दवा वितरण काउंटर पर लाइन में लगी। नंबर आने पर बताया गया कि पर्चे पर लिखी दवा मौजूद

अमृत विचार में 10 फरवरी को प्रकाशित खबर।

कॉलेज प्रशासन का कहना है कि आयुष मिशन से भी कुछ दवाएं प्राप्त हुई हैं, जिससे आंशिक राहत मिली है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि बजट मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मार्च के पहले सप्ताह तक सभी आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जर्मनी से आया पुर्जा, होने लगी जांच

- **अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर की सीटी स्कैन मशीन सोमवार को दुरुस्त कर मरीजों की जांच शुरू कर दी गई। मशीन खराब होने से मरीजों की समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था। ट्रॉमा सेंटर में प्रतिदिन 150 से अधिक मरीजों का सीटी स्कैन किया जाता है। मशीन खराब होने के कारण मरीजों को रेडियोलॉजी विभाग और शताब्दी भवन जाना पड़ रहा था। इससे जांच के लिए इंतजार बढ़ गया था। ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि मशीन का एक अहम पुर्जा जर्मनी से मंगाया गया है। इंजीनियरों ने मशीन को ठीक कर दी है। उन्होंने कहा कि, भविष्य में ऐसी समस्या से निपटने के लिए वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही नई सीटी स्कैन मशीन स्थापित की जाएगी। इससे बैकअप सुविधा उपलब्ध होगी और आपात स्थिति में मरीजों को परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

# निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत मामले की जांच को बनी कमेटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **सैरपुर क्षेत्र के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी रामपुर बेहड़ा की अनुष्का की मौत**

**अमृत विचार :** बीकेटी के सैरपुर क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। कमेटी ने अस्पताल प्रबंधन से इलाज से जुड़े सभी दस्तावेज तलब किए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किए जाने की संस्तुति की जाएगी।

बीकेटी के रामपुर बेहड़ा गांव निवासी शोभित की 28 वर्षीय पत्नी अनुष्का का इलाज सीएचसी में चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र की आशा ने झांसा देकर सैरपुर स्थित सनराइज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। प्रसव के बाद अनुष्का की हालत बिगड़ गई और रविवार रात मौत हो गई। लापरवाही का आरोप लगा परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया था। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर स्थिति को शांत कराया। बीकेटी सीएचसी प्रभारी डॉ. जेपी सिंह ने अस्पताल का निरीक्षण किया। पंजीकरण वैध पाया गया। सीएमओ ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है, जो सभी बिंदुओं पर गहन जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। यदि लापरवाही के आरोप सही पाए जाते हैं तो मुकदमा दर्ज करने की संस्तुति की जाएगी।

परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र की आशा पूर्व में भी एक प्रसूता को निजी अस्पताल ले गई थी। उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। आरोप है कि उस मामले में भी अस्पताल में कई खामियां मिलने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई और न ही आशा बहु के खिलाफ कोई कदम उठाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अयोध्या मेडिकल कॉलेज में बनेगी नई ओपीडी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल में ओपीडी और शिक्षकों के जर्जर आवासों का पुनर्निर्माण होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने न केवल स्वीकृत दे दी है] बल्कि प्रावधानित 25 करोड़ के बजट में एक करोड़ रुपये की प्रथम किश्त जारी भी कर दी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र ने महानिदेशक को स्वीकृति आदेश जारी कर दिया है। चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ और वर्षों पुराने शिक्षक आवासों में आने वाली दिक्कतों को शासकीय अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। आधुनिक तरीके से सुविधाजनक ओपीडी भवन और आवासों का निर्माण किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**अमृत विचार, अटौरा (रायबरेली) :** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र की अटौरा चौकी क्षेत्र के पूरे बढ़ईन मजरे बरऊवा गांव में शनिवार की रात एक अधेड़ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार की रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुलिस को फोन करके महिला की हत्या किये जाने की सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार सुनीता (55) पत्नी मुनीम की शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के बेटे जो गैर प्रान्त में नौकरी करते है, उनके घर ना पहुंच पाने के कारण रविवार को मृतका का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला की हत्या किए जाने की सूचना पुलिस को दी गई थी, जिसके चलते सोमवार की सुबह मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की तो महिला की मौत बीमारी के कारण स्वाभाविक पाई गई।

### विद्यालय से लाखों का सामान चोरी

**अमृत विचार, महराजगंज (रायबरेली :** चोरों के बुलंद हौसले शिक्षा के मंदिर को भी नहीं छोड़ रहे हैं। घटना कोटवा मोहम्मदाबाद गांव की है। रविवार की रात अज्ञात चोरों ने कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय को अपना निशाना बनाते हुए कमरों का ताला तोड़कर एक लाख रुपये से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने कक्षाओं में अंदर रखे स्मार्ट टीवी और यूपीएस, कंप्यूटर की-बोर्ड, रसोई का सामान, गैस सिलेंडर, भगौना, कुकर व मिड-डे मील का राशन समेत काफी सामान उठा ले गए। सोमवार सुबह शिक्षक विद्यालय पहुंचे और कमरों के ताले टूटे देखे। प्रधानाध्यापक विंदा प्रसाद श्रीवास्तव ने तुरंत इसकी सूचना ग्राम प्रधान और डायल 112 पुलिस को दी।

### प्रदेश अध्यक्ष पर हमले से हिंदू संगठनों में उबाल

**अमृत विचार, रायबरेली :** अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री पर हुए हमले के विरोध में सोमवार को जनपद में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदेशव्यापी ज्ञापन कार्यक्रम के तहत संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष को सुरक्षा प्रदान करने और हमलावरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता जताई और दोषियों की गिरफ्तारी पर जोर दिया। गौरतलब है कि बीती 19 फरवरी को लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री अपने परिवार के साथ एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने ईंट-पत्थरों से वाहन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे गाड़ी काफी क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया कि घटना के समय वाहन में कोई मौजूद नहीं था, जिससे संभावित जनहानि टल गई।

### बांदा-बहराइच राजमार्ग पर पटरियों की भराई शुरू

**अमृत विचार, शिवगढ़ (रायबरेली) :** आखिरकार लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों की नींद टूट गई। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद बदहाल बांदा-बहराइच राजमार्ग पर पटरियों की भराई शुरु करा दी गई है। पिछले कई सालों से हाइवे की दोनों पटरियां बदहाल एवं जगह -जगह गड्ढों में तब्दील थी। जिसके चलते एक साथ दो बड़े वाहनों के आ जाने पर साइकिल, मोटरसाइकिल सवार राहगीरों को बगल में खड़े होने के लिए जगह नहीं रहती थी। लिहाजा लोग अक्सर हादसे का शिकार हो जाते थे। जिसकी पिछले सप्ताह प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। वहीं कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव एडवोकेट गौरव मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन शिवगढ विकास अधिकारी कार्यालय में सौंप कर हाईवे के चौड़ीकरण, विद्युतीकरण आदि समस्याओं के समाधान की मांग की थी।

# रजिस्ट्री में ओटीपी के विरोध में अधिवक्ताओं ने बंद किया काम

## रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में छाया रहा सन्नाटा, क्रेता-विक्रेताओं को रजिस्ट्री कराए बिना लौटना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कैसरबाग स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय बंद होने पर दरवाजे पर चिपकी नोटिस पढ़ता आगंतुक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रजिस्ट्री में ओटीपी व्यवस्था लागू करने के विरोध में शुक्रवार को लखनऊ बार एसोसिएशन के आह्वान पर उप निबंधक सदर और सरोजनी नगर कार्यालय के अधिवक्ता कार्य से विरत रहे। काम ठप होने से रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में सन्नाटा छाया रहा। क्रेता-विक्रेता दीवार पर प्रस्ताव चस्पा देखकर बिना रजिस्ट्री के लौट गए। मंगलवार को भी अधिवक्ता कार्य से विरत रहेंगे।

कलेक्ट्रेट स्थित निबंधन कार्यालय पर अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी व महामंत्री ब्रजभान सिंह भानू की अध्यक्षता में कार्यकारिणी बैठक हुई। इसमें सदर और सरोजनी नगर के अधिवक्ता शामिल हुए। बताया कि रजिस्ट्री निष्पादन के कार्य काफी जटिल कर दिए हैं। बार-बार ओटीपी भेजने और आधार सत्यापन में काफी समय बर्बाद होता है। पूर्व में 10 मिनट लगता था और अब आधा से एक घंटा लगता है। ऑनलाइन सर्वर अपडेट नहीं कर रहे हैं। ऑनलाइन कोर्ट फीस को लेकर कई बार ओटीपी पक्षकारों के मोबाइल पर आती है। इससे पक्षकार साइबर क्राइम और बैंक खाता हैक होने के डर से ओटीपी नहीं देते हैं। दूर-दराज से रजिस्ट्री कराने आए लोगों को परेशानी होती है। बायोमैट्रिक करने में जल्द अंगूठा या अंगुली मैच नहीं होती है। सबसे ज्यादा बुजुर्गों को आने जाने में परेशानी होती है। मंगलवार को भी अधिवक्ता साथी कार्य नहीं करेंगे।

### रविवार को कार्यालय खोलने का भी विरोध

अधिवक्ताओं ने मार्च 2026 से रविवार को उपनिबंधन कार्यालय खुलने का भी विरोध किया। बताया कि अवकाश के दिन अधिवक्ताओं को काम करना पड़ेगा। जबकि कर्मचारी रोस्टर के अनुसार काम करेंगे। इससे अधिवक्ताओं में रोष है। सुचारू रूप से शुरू न हुए तो 25 फरवरी को निर्णय लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे। साथ ही उप महानिरीक्षक स्टांप कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### सरोजनी नगर में मात्र तीन कर्मचारी, पंजीयन प्रभावित

बैठक में यह भी समस्या रखी गई कि सरोजनी नगर में मात्र तीन कर्मचारी हैं। तीन कर्मचारी सरोजनी नगर प्रथम और द्वितीय उपनिबंधन कार्यालय का काम करते हैं। कर्मियों की कमी से 15 से 20 पंजीयन हो सके हैं। अन्य पंजीयन नहीं हो पाते हैं। इससे अधिवक्ताओं के साथ क्रेता-विक्रेता दोनों को परेशानी होती है। दूसरे शहर व राज्य से आए क्रेता-विक्रेता बिना रजिस्ट्री के लौट जाते हैं।

# बाइक में मारी टक्कर, युवक को दबंगों ने पीटकर किया अगवा

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- इटौंजा ओवर ब्रिज पर कार सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- रंजिश में हमले की बात आई सामने, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** सीतापुर हाइवे स्थित इटौंजा ओवर ब्रिज पर सोमवार सुबह 11.30 बजे बाइक से जा रहे दो युवकों को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। दोनों युवक हाइवे पर गिर गये। इसके बाद कार से निकलकर दबंगों ने बाइक सवार एक युवक की पिटाई करने लगे। आरोपियों ने युवक को पीटने के बाद अपनी कार में जबरदस्ती बैठा लिया। भिठौली के पास घायल हालत में फेंककर भाग निकले। जानकारी होने पर इटौंजा पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। परिजन का आरोप है कि पुरानी रंजिश में हमला किया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है।

सीतापुर के अटरिया स्थित बिरसापुर निवासी अरुण कुमार सिंह के मुताबिक उनका भाई आलोक सिंह गांव के हर्ष पांडेय के साथ बाइक से लखनऊ जा रहा था। इसी बीच इटौंजा ओवर ब्रिज के ऊपर कार सवार बदमाशों ने टक्कर मार दी। दोनों युवक काफी दूर तक हाइवे पर घिसटते चले गये। इसके बाद कार सवार नीचे उतरे। आलोक सिंह पर रॉड व डंडे से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे में बाइक चला रहा हर्ष भी घायल हो गया। कार सवार बदमाशों ने आलोक को अपनी कार से अगवा कर लिया। उसकी पिटाई करते हुए इटौंजा से 20 किमी दूर भिठौली तिराहे के पास अधमरा कर फेंक दिया। जानकारी होने पर परिवार के लोग पहुंचे। इटौंजा पुलिस को सूचना दी। पुलिस व परिजन भिठौली से आलोक को घायल हालत में अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

**पहले भी हुआ था विवाद :** थाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया युवक आलोक सिंह से पहले भी आरोपितों से विवाद हो चुका है सिधौली क्षेत्र में मारपीट हुई थी जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी शायद इसी मामले को लेकर सोमवार की हुई घटना को आरोपियों ने अंजाम दिया हो।

### नाराज परिजन ने थाने पर किया हंगामा

घटना से आक्रोशित युवक के परिजन इटौंजा थाना पर काफी संख्या में पहुंचे। घटना में शामिल युवकों की गिरफ्तारी की मांग की। आलोक सिंह को सकुशल बरामद करने की पुलिस से मांग की इसके बाद पुलिस की कई टीम में जांच के लिए रवाना हुई भीठौली क्षेत्र में मौके पर भी पहुंची। पिटाई और अपहरण किये जाने से नाराज परिजन ने हंगामा किया। एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह एवं एडीसीपी ऋषभ रुणवाल भी इटौंजा थाना पहुंचे। एसीपी बीकेटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आगरा में अवैध दवाओं के खिलाफ छापेमारी, भारी मात्रा में सैंपल बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में चिकित्सकों को दिए गए सैंपल और अनाधिकृत दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण व वितरण पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की मुख्यालय स्तरीय टीम ने बीती 22 फरवरी को आगरा में कई मेडिकल प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। यह जानकारी देते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि छापेमारी के दौरान फोराकोर्ट इनहेलर दवा के 8000 प्रिंटेड लेबल और स्पास्मोप्रो (ट्रामाडॉल) कैप्सूल और भारी मात्रा में चिकित्सकों को दिए जाने वाले सैंपल बरामद हुए। इनमें से पांच दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे गए, जबकि शेष स्टॉक अभिरक्षा में लिया गया।

# कोरोवेंटिस तकनीक एंजाइना मरीजों के इलाज में नई उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में पहली बार केजीएमयू में कोरोवेंटिस तकनीक का हुआ सफल उपयोग




**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के कार्डियोलॉजी विभाग ने उत्तर प्रदेश में पहली बार कोरोवेंटिस सिस्टम का सफलतापूर्वक इस्तेमाल कर हृदय रोग उपचार में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह अत्याधुनिक तकनीक उन मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जिन्हें सीने में दर्द (एंजाइना) होता है, लेकिन उनकी कोरोनरी धमनियों में गंभीर रुकावट नहीं पाई जाती।

कोरोवेंटिस सिस्टम से कोरोनरी फिजियोलॉजी का सटीक आकलन संभव है, जिससे केवल वास्तविक रूप से महत्वपूर्ण अवरोधों की पहचान होती है। मरीजों को अनावश्यक स्टेंटिंग से बचाते हुए वैज्ञानिक और लक्षित उपचार दिया जा सकता है।

इस प्रक्रिया का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन चार मरीजों पर किया गया। मिलान (इटली) से आई विशेषज्ञ डॉ. लुडोविका माल्टीज ने मार्गदर्श किया। इन केसों का नेतृत्व डॉ. मोनिका भंडारी, डॉ. आयुष शुक्ला और डॉ. अभिषेक सिंह ने किया, जबकि डॉ. ऋषि सेठी, डॉ. शरद चंद्रा, डॉ. अक्षया प्रधान, डॉ. गौरव चौधरी और डॉ. अखिल शर्मा ने अकादमिक और तकनीकी सहयोग दिया।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठी ने बताया कि यह तकनीक उन मरीजों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगी जिनमें गंभीर रुकावट न होने के बावजूद लक्षण बने रहते हैं। अनावश्यक स्टेंटिंग से बचाव और सटीक उपचार के साथ यह प्रदेश में हृदय रोग उपचार की गुणवत्ता को नई दिशा देगा।

डॉ. लुडोविका माल्टीज ने कहा फिजियोलॉजी-गाइडेड कोरोनरी इंटरवेंशन आधुनिक कार्डियोलॉजी की दिशा है। केजीएमयू जैसे संस्थान इसका सफल उपयोग कर मरीजों को बेहतर और प्रमाण-आधारित उपचार प्रदान करेंगे।


मोहनलालगंज स्थित गौरा रिजॉर्ट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के दौरान वर-वधू जोड़ों को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

# 95 जोड़ों का हुआ विवाह, जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज स्थित गौरा रिजॉर्ट में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 95 जोड़ों का विवाह कराया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य और ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला कन्यादान करने के साथ उपहार देकर विदा किया।

मुख्य अतिथि मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से आज सभी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। समाज कल्याण विभाग कन्याओं का सामूहिक विवाह करा रहा है। योजना से लाभान्वित लड़की के खाते में रुपये 60 हजार डीबीटी के माध्यम से भेजे जाते हैं। 25 हजार की वैवाहिक उपहार सामग्री मिलती है। साथ ही कार्यक्रम में व्यवस्थाओं पर समाज कल्याण विभाग 15 हजार खर्च करता है। समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि वार्षिक तीन लाख आय वाले परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह योजनांतर्गत कराया जाता है।

# डाक टिकटों की प्रदर्शनी में जनगणना का अनोखा इतिहास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजधानी में प्रदर्शनी आज से, विद्यार्थियों, शोधार्थियों और इतिहास प्रेमियों के लिए विशेष रूप से रहेगी उपयोगी

**अमृत विचार :** उप्र. राजकीय अभिलेखागार की ओर से कल मंगलवार से राजधानी में विशेष प्रदर्शनी 'गिनती में आओः भारत में जनगणना का डाक इतिहास' आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा छात्र, शोधार्थी और आम लोग इन ऐतिहासिक दस्तावेजों से जुड़ें और देश के इतिहास को बेहतर तरीके से समझें। प्रदर्शनी का उद्घाटन 24 फरवरी को जनगणना संचालन एवं नागरिक पंजीकरण निदेशक शीतल वर्मा करेंगी।




प्रदर्शनी में डाक टिकटों, पोस्टमार्क, पुराने पत्रों और अभिलेखों के माध्यम से भारत में जनगणना के ऐतिहासिक सफर को दर्शाया जाएगा। इसमें बताया जाएगा कि आजादी के बाद जनगणना से जुड़ी सूचनाएं लोगों तक पहुंचाने, प्रशिक्षण सामग्री भेजने और सरकारी संवाद स्थापित करने में डाक विभाग की क्या महत्वपूर्ण भूमिका रही। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के विकास की बुनियाद है। डाक अभिलेखों के जरिए इसके इतिहास को समझना नई पीढ़ी के लिए प्रेरक होगा। प्रदर्शनी का संयोजन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. डॉ. विकास कुमार ने किया है। यह आयोजन विद्यार्थियों, शोधार्थियों और इतिहास प्रेमियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी रहेगा।

### सिंगापुर में देखें पानी फटी टंकियों से निकलता है या फटे पाइप से

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जब 'माधुर्य-प्रवास' पर सिंगापुर जा रहे हैं तो वहां की जल व्यवस्थाएं देखकर आएं, क्योंकि उनके शासन में पानी की धारा सिर्फ फटी टंकियों और पाइपों से ही नजर आती है।



सपा प्रमुख ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास के दावों के बीच सड़कों की परतें उधड़ रही हैं। गड्ढा मुक्त सड़कों का वादा अधूरा है, जबकि बजट खर्च हो गया। उन्होंने कहा कि पानी की टंकियां बनते ही गिर रही हैं और कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी से लोग त्रस्त हैं। नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही, परीक्षाओं के परिणाम लटक जाते हैं और शिक्षकों को सम्मान नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है, अस्पतालों में दवा और इलाज का अभाव है।

# बिजली कर्मियों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 26 को लखनऊ में होने वाली संघर्ष समिति की प्रांतीय बैठक में बनेगी आंदोलन की रणनीति
- निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के सोमवार को 453 दिन पूरे



बिजली कर्मचारियों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते प्रदर्शनकारी।

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने कहा कि पावर कारपोरेशन के अधिकारियों का उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा है। रियायती बिजली समाप्त करने और निजीकरण की तैयारी के तहत कर्मचारियों के घरों पर स्मार्ट मीटर जबरन लगाए जा रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री से हुए लिखित समझौते का उल्लंघन हैं। 26 फरवरी को समिति की प्रांतीय बैठक लखनऊ में होगी, जिसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के सोमवार को 453 दिन पूरे हो गए। इस दौरान लखनऊ समेत प्रदेश भर के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन हुआ और मांग पत्र भी दिए गए। समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने बताया कि 25 जनवरी-2000 को तत्कालीन मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्त के साथ एक लिखित समझौता किया गया था। इसके तहत बिजली कर्मियों को मिल रही रियायती बिजली की सुविधा जारी रखने का स्पष्ट प्रावधान हुआ था।

उन्होंने बताया कि समझौते के आधार पर बनी ट्रांसफर स्कीम में भी कर्मचारियों को पूर्ववत सुविधाएं जारी रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पावर सेक्टर रिफॉर्म एक्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि विद्युत परिषद के विघटन के बाद कर्मचारियों की सेवा शर्तें और सुविधाएं किसी भी स्थिति में पूर्व से कम नहीं की जाएंगी। इसके बाद भी निजी कंपनी को सुविधा देने के उद्देश्य से युद्ध स्तर पर कर्मचारियों के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

**चिकित्सा** | सात जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत एफआरयू के डॉक्टरों-नर्सों को मिलेगा प्रशिक्षण

# एफसीएम के एक डोज से दूर होगी एनीमिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली से हुई प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

**अमृत विचार :** प्रदेश में मातृ एनीमिया प्रबंधन की दिशा में बड़ी पहल करते हुए सरकार ने 'फेरिक कार्बोक्सी माल्टोस' (एफसीएम) इंजेक्शन की शुरुआत की है। अब गर्भवती और स्तनपान कराने वाली एनीमिया ग्रसित महिलाओं को सिर्फ एक डोज देकर हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ाया जाएगा। यह सुविधा सभी फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) पर उपलब्ध रहेगी।

परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. एच डी अग्रवाल के निर्देश पर उप्र. तकनीकी सहयोग इकाई (यूपीटीएसयू) द्वारा मैटरनल एनीमिया मैनेजमेंट इनिशिएटिव (स्क्रीन, रेफर, ट्रैक, ट्रीट) के तहत रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, फतेहपुर, जालौन, श्रावस्ती और बहराइच में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) और गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज (हैलेट) कानपुर, तकनीकी सहयोग दे रहे हैं। पहले जिले के रूप में सोमवार को रायबरेली से प्रशिक्षण की शुरुआत हुई।



केजीएमयू की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल ने बताया कि अभी तक आयरन सुक्रोज की पांच खुराक देनी पड़ती थी, लेकिन एफसीएम की एक ही डोज एक सप्ताह में असर दिखाने लगती है। इससे बार-बार अस्पताल आने की जरूरत नहीं होगी और दुष्प्रभाव भी कम हैं।

यूपीटीएसयू की उपनिदेशक डॉ. सीमा टंडन ने बताया कि पांच बार अस्पताल बुलाना चुनौतीपूर्ण था। एक डोज से बेहतर परिणाम मिलेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सुधारने और मातृ मृत्यु दर घटाने में सहायक होगी।

### भांजी की शादी से लौट रहे मामा को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**अमृत विचार, महराजगंज (रायबरेली) :** भांजी की शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे मामा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में गंभीर हालत युवक को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों समेत गांव में मातम का माहौल है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना रविवार की देर रात की है। क्षेत्र के महाबलगंज मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पप्पू पुत्र ध्रुव प्रसाद रायबरेली में अपनी भांजी की शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से देर रात लौट रहे थे। पूरे अवसेरी मजरे मोन गांव स्थित पराग डेयरी के सामने तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पवन कुमार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से उन्हें ट्रामा सेंटर के लिए ले जाते समय मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध अफीम के पौधों के साथ गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने सोमवार को अफीम की अवैध खेती का बड़ा खुलासा करते हुए करीब 29 किलोग्राम अफीम के हरे पौधों (फल व फूल सहित) के साथ एक आरोपी को पुरैना मंसूर गांव स्थित घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। वहीं, बरामद अफीम की कीमत 50 लाख बताई जा रही है। सीओ खलीलाबाद अमित कुमार ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक दुधारा अरविंद शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता पाई। आरोपी अबु उवैदा उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया कि उसने अपने चाचा रिजवान के साथ मिलकर अफीम की बुआई की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना दुधारा में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट रवाना कर दिया है।

### पुलिस ने नष्ट कराई अवैध कच्ची शराब

**धनघटा (संतकबीरनगर), अमृत विचार।** थाना धनघटा में अवैध शराब के निष्कर्षण, परिवहन व बिक्री से जुड़े विभिन्न मामलों में बरामद कुल 1016.800 लीटर अवैध कच्ची शराब नष्ट कराई गई। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह के नेतृत्व में की गई। सीओ धनघटा अभय नाथ मिश्रा ने बताया कि मालखाना में लंबे समय से जमा अवैध शराब खराब हो चुकी थी, जिससे दुर्गंध और रिसाव होने लगा था। इससे क्षेत्र में संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई थी। पुलिस ने यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी धनघटा डॉ. सुनील कुमार के आदेश पर तहसीलदार धनघटा की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक दीलिप सिंह, प्रधान लेखक, पुलिस कर्मियों व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में नियमानुसार गड्ढा खोदकर पूरी शराब को उसमें डालकर नष्ट किया गया।

### मंदिर से घण्टा चोरी

**संतकबीरनगर (बखिरा)। अमृत विचार।** नगर पंचायत बखिरा के मोहल्ला मेड़रापार स्थित दुर्गा मंदिर से रविवार रात अज्ञात चोरों ने छोटे व बड़े घण्टों की चोरी कर ली। सोमवार सुबह मंदिर पहुंचे स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

# विवाह के झूठे वादे से स्थापित शारीरिक संबंध दंडनीय

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झूठे विवाह प्रलोभन के आधार पर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में राहत देने से किया इनकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झूठे विवाह प्रलोभन के आधार पर शारीरिक संबंध बनाने के गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में कार्यवाही रद्द करने से इनकार करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया उपलब्ध साक्ष्य मुकदमे की सुनवाई के लिए पर्याप्त हैं और इस स्तर पर हस्तक्षेप न्यायोचित नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की एकलपीठ ने विपिन कुमार और तीन अन्य की याचिका खारिज करते हुए पारित किया।

मामला सहारनपुर के देवबंद थाने में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि मुख्य अभियुक्त ने फेसबुक के माध्यम से संपर्क स्थापित कर विवाह का झूठा आश्वासन दिया और 2018 से लगातार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता चार बार गर्भवती हुई और गर्भपात कराया गया। पांचवीं बार गर्भवती होने पर विवाह से इनकार करने तथा धमकी देने का आरोप लगाया गया। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अभियुक्त का वैवाहिक होना और उसके बावजूद विवाह का वादा करना प्रथम दृष्टया छल का संकेत है। सहमति का प्रश्न और तथ्यों की सत्यता परीक्षण का विषय है, जिसे ट्रायल में परखा जाएगा। कोर्ट ने एक अन्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत विवाह के झूठे वादे से स्थापित शारीरिक संबंध दंडनीय हैं, साथ ही बीएनएसएस की धारा 528 के तहत कार्यवाही रद्द करने की शक्ति सीमित और अपवादस्वरूप परिस्थितियों में ही प्रयोग की जानी चाहिए। इन तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने माना कि मामला सुनवाई योग्य है और इस चरण पर हस्तक्षेप का कोई औचित्य नहीं बनता।

### अंतरधार्मिक लिव-इन संबंधों में हस्तक्षेप विविधता में एकता की अवधारणा के विपरीत

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरधार्मिक लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को सुरक्षा देने के मामले में स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा कि वयस्कों को अपनी पसंद के साथी के साथ रहने का संवैधानिक अधिकार है। केवल अंतरधार्मिक लिव-इन संबंध के आधार पर उन्हें संरक्षण से वंचित नहीं किया जा सकता है। उनके चुनाव में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप विविधता में एकता की अवधारणा के विपरीत होगा। कोर्ट व्यक्तियों को "हिंदू या मुस्लिम" के रूप में नहीं, बल्कि दो बालिग नागरिकों के रूप में देखती है, जिन्हें गरिमा और स्वतंत्रता के साथ जीवन जीने का अधिकार है। वयस्क व्यक्ति को अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने और उसके साथ रहने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वयस्कों की पसंद में परिवार या समाज का हस्तक्षेप अस्वीकार्य है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने पीलीभीत निवासी नूरी और 12 अन्य याचिकाओं के एक समूह पर एक साथ सुनवाई कर निस्तारित करते हुए की, जिनमें सात मुस्लिम महिलाएं हिंदू पुरुषों के साथ और पांच हिंदू महिलाएं मुस्लिम पुरुषों के साथ रह रही थीं।

### बकाया वेतन भुगतान न करना विधिसम्मत नहीं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तीन प्रशिक्षकों की पुनर्बहाली के बावजूद बकाया वेतन भुगतान न होने के मामले में बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट किया कि जब कर्मचारी को नियोक्ता के अवैध आदेश के कारण सेवा से बाहर रखा गया हो, तो पुनर्बहाली के बाद उसे बकाया वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने ऐसे मामलों में 'नो वर्क-नो पे' सिद्धांत को लागू करने से इनकार किया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर की एकलपीठ ने अनुज कुमार व अन्य की याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया और प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा 1 अक्टूबर 2024 को पारित आदेश को रद्द कर दिया।

उक्त आदेश में निदेशक ने यह कहते हुए वेतन भुगतान से इनकार कर दिया था कि संबंधित अवधि में याचियों ने कार्य नहीं किया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि यदि कर्मचारी को नियोक्ता के अवैध आदेश से सेवा से दूर रखा गया हो तो उसे वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने यह भी कहा कि याचियों को कार्य से दूर रहने के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि वे विभागीय निर्णय के कारण ही सेवा से बाहर हुए थे, जिसे बाद में स्वयं विभाग ने स्वीकार करते हुए बहाली दी। कोर्ट ने निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, तथा संबंधित आईटीआई के प्राचार्यों को निर्देश दिया कि वे याचियों को निर्धारित अवधियों का समस्त बकाया वेतन दो माह के भीतर भुगतान सुनिश्चित करें।

# क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण का लिया जायजा



क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते डीएम।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के परिसर में 50 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टीमेट देखा। कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण पाया गया। कार्यदायी संस्था के अधिकारी ने बताया कि तृतीय किश्त की धनराशि अभी नहीं मिली है। जिलाधिकारी ने तृतीय किश्त की डिमांड करने एवं निर्माण कार्य में प्रगति लाने के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया संबंधित कार्य संस्था के अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा जिलाधिकारी ने नगर पालिका सिद्धार्थनगर के अंतर्गत पकड़ी में निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पार्क में चल रहे निर्माण कार्य को देखा। अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए।

# शहीद का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, दी गई अंतिम विदाई

संवाददाता कुशीनगर





शहीद को कंधा देते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, डीएम महेंद्र सिंह तोमर, एसपी केशव कुमार, विधायक मोहन वर्मा व विनय कुमार गौड़।

- जम्मू कश्मीर के बारामूला में इलाज के दौरान हुई थी मौत

**अमृत विचारः** हाटा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 वीर अब्दुल हमीद नगर (पिपरा शीतल उर्फ बकराबाद) के निवासी व सेना में कैप्टन के पद पर तैनात 22 वर्षीय अमन कुमार सिंह की तैनाती श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) के बारामुला में थी। ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार की शाम सेना के वाहन द्वारा शहीद जवान का शव गांव पहुंचते ही क्षेत्र चित्कार उठा। शाहिद की अंतिम यात्रा में "कैप्टन अमन अमर रहे" नारों के साथ भारत माता की जय और देशभक्ति नारों से इलाका गूंज उठा। गोरखपुर एयरपोर्ट से जब सेवा का वाहन उनका पार्थिव शरीर लेकर गांव पहुंचा तो लोगों ने फूल वर्षा कर नाम आंखों से अंतिम विदाई दी। देर शाम सलामी के साथ शव का अंतिम संस्कार किया गया जहां भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कैप्टन अमन कुमार सिंह मां बाप के इकलौते बेटे थे। पिता यशवंत सिंह प्राइवेट सेक्टर में मेकैनिकल इंजीनियर हैं। कैप्टन अमन कुमार सिंह की इंटर मीडिएट पढ़ाई गोरखपुर हाल मार्क वर्ल्ड स्कूल से की। गाजियाबाद से बीटेक (सिविल इंजीनियर) में प्रवेश लिया। प्रथम सेमेस्टर के बाद ही उनका चयन भारतीय सेना में टीईएस के माध्यम से लेफ्टिनेंट पर हो गया। दो साल पहले ही सेना में जॉइनिंग हो गई। हाल में ही प्रमोशन पाकर कैप्टन बने थे। सोमवार की शाम सेना के वाहन द्वारा शहीद जवान का शव गांव पहुंचते ही क्षेत्र चीत्कारों से गूंज उठा। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, सीओ कुंदन सिंह, एसडीएम योगेश्वर सिंह, तहसीलदार जया सिंह,कोतवाल संजय दुबे, सांसद विजय कुमार दुबे, जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, हाटा विधायक मोहन वर्मा, विधायक विनय गोड़, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व विधायक पवन केडिया, डॉ रविश सिंह, नपाध्यक्ष हाटा रामानंद सिंह सहित भारी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधि सामाजिक लोगों और युवाओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### सैनिक सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

पढ़ाई में अव्वल, टीईएस से सेना में चयन कैप्टन अमन के पिता यशवंत सिंह प्राइवेट सेक्टर में मैकेनिकल इंजीनियर हैं। वह पत्नी विभा के साथ बनारस में रहते हैं। अमन की अभी शादी नहीं हुई थी। गांव में उनकी दादी, चाचा-चाची तथा चचेरे भाई-बहन रहते हैं। अमन ने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई गोरखपुर के हॉलमार्क वर्ल्ड स्कूल से की। गाजियाबाद से बीटेक (सिविल इंजीनियरिंग) में प्रवेश लिया। प्रथम सेमेस्टर के बाद ही उनका चयन भारतीय सेना में हो गया। पढ़ाई में अव्वल, टीईएस से सेना में चयन कैप्टन अमन के पिता यशवंत सिंह प्राइवेट सेक्टर में मैकेनिकल इंजीनियर हैं। वह पत्नी विभा के साथ बनारस में रहते हैं। अमन की अभी शादी नहीं हुई थी। गांव के लोग बताते हैं- अमन शुरू से ही पढ़ाई में होनहार थे वे देश की सेवा करना चाहता थें। लोग बताते हैं- अमन शुरू से ही पढ़ाई में होनहार थे वे देश की सेवा करना चाहता थे।



शहीद कैप्टन अमन कुमार सिंह की फाइल फोटो।

# होली पर विशेष गाड़ियों का होगा संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 09183/09184 मुम्बई सेन्ट्रल-बनारस-मुम्बई सेन्ट्रल साप्ताहिक वातानुकूलित होली विशेष गाड़ी का संचलन मुम्बई सेन्ट्रल से 04, 11, 18 एवं 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को तथा बनारस से 06, 13, 20 एवं 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को 04 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, द्वितीय श्रेणी के 03, तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 04, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित 16 कोच लगाये जायेंगे।

वहीं 04731/04732 श्री गंगानगर जं.-समस्तीपुर-श्री गंगानगर जं. वाया गोरखपुर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन श्री गंगानगर जं. से 01 से 29 मार्च तक प्रत्येक रविवार को तथा समस्तीपुर से 03 से 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार को 05 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 11, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

इसके अलावा 08629/08630 रांची-गोरखपुर-रांची साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन रांची से 02 से 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को तथा गोरखपुर से 04 मार्च से 01 अप्रैल को प्रत्येक बुधवार को 05 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 07, द्वितीय श्रेणी के 02, प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 06, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### 2 मिनट का अस्थाई ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा राजस्थान के जयपुर में लगने वाले दादू दयाल जी मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के नरेना स्टेशन पर 15013/15014 जैसलमेर-काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा।



### अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाया जायेगा

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05062/05061 टनकपुर-अछनेरा-टनकपुर विशेष गाड़ी में टनकपुर एवं अछनेरा से 26 फरवरी से वातानुकूलित कुर्सीयान का 01 अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाया जायेगा। फलस्वरूप संशोधित रेक संरचना के अनुसार इस गाड़ी में 26 फरवरी से साधारण द्वितीय श्रेणी के 13, वातानुकूलित कुर्सीयान के 02 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे।

### होली पर रेलवे प्रशासन ने कड़े किए सुरक्षा के इंतजाम

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली पर्व पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा, वाणिज्य कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों को मुस्तैद किया गया है। गाड़ियों एवं प्लेटफार्मों पर निगरानी बढ़ाया गया है तथा यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा टेनों एवं रेल परिसरों में असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाई करने के लिये टास्क टीम का गठन किया गया है। अवैध शराब, ज्वलनशील पदार्थ, जेब कतरों, यात्री सामानों की चोरी करने वालो, नशीली दवाओं के सेवन, असामाजिक तत्वों एवं टिकट दलालों के विरुद्ध कड़े अभियान चलाये जा रहे हैं। राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य कर्मियों द्वारा समन्वय बनाकर भीड़ नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिये टेनों एवं स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल की महिला बल कर्मियों की तैनाती की गयी है।

## यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन निन्दनीय : सनी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हाल ही में किये गये विरोध प्रदर्शन की शैली अत्यन्त निन्दनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। जिस प्रकार सार्वजनिक मंच पर अनुचित आचरण कर देश की छवि को विश्व पटल पर धूमिल करने का प्रयास किया गया, वह न केवल राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है बल्कि भारतीय संस्त और लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है। यह बातें भाजपा के प्रदेश कार्यालय प्रभारी सनी श्रीवास्तव ने कही। ऐसी गतिविधियां कांग्रेस नेतृत्व एवं राहुल गांधी की कार्यशैली और मानसिकता को दर्शाती हैं, जो राष्ट्रहित से ऊपर राजनीति को रखने का प्रयास करती है।

# गाड़ियों के संचालन में रहेगा परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु उत्तर रेलवे पर लखनऊ मण्डल के ब्लाक हट बी-व्यासनगर-काशी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग का प्रावधान किये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

आरा से 26 फरवरी को चलने वाली 63229 आरा-बनारस मेमू गाड़ी दीनदयाल उपाध्याय जं0 स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। 26 फरवरी को 63230 बनारस-आरा मेमू गाड़ी दीनदयाल उपाध्याय जं0 स्टेशन से चलाई जायेगी।

इसके अलावा 27 फरवरी को 18524 बनारस-विशाखापत्तनम द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं0-चुनार-दीनदयाल जं0 के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव वाराणसी एवं काशी स्टेशनों पर नहीं रहेगा। 25 फरवरी को 19045 सूरत-थावे एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग चुनार-प्रयागराज जं0-फाफामऊ- जंघई-जौनपुर के रास्ते चलाई जायेगी। इस गाड़ी का ठहराव काशी एवं वाराणसी स्टेशनों पर नही रहेगा। 25 फरवरी को 15232 गोंडिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग चुनार-प्रयागराज जं0-फाफामऊ- जंघई-जौनपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

### निर्माण कार्य के चलते गाड़ी रहेगी निरस्त

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मंडल के निगतपुर स्टेशन पर समपार संख्या-17 सी पर सीमित ऊँचाई के सब-वे निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गर्डर लॉन्चिंग हेतु 65129/65130 बनारस-झूसी-बनारस सवारी गाड़ी 25, 26 फरवरी तथा 12 एवं 13 मार्च को निरस्त रहेगी। इसके अलावा रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक कारणों से 82501/82502 लखनऊ जं0-नई दिल्ली-लखनऊ जं0 तेजस एक्सप्रेस का संचलन 4 मार्च को निरस्त रहेगी। यह गाड़ी 03 मार्च को निर्धारित समयानुसार चलाई जायेगी।

# निखरेगी बुनियादी शिक्षा, डाइट में शिक्षकों को मिला डिजिटल प्रशिक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बुनियादी शिक्षा को तकनीक और स्मार्ट क्लास के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बांसी में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में परिषदीय स्कूलों के 100 शिक्षकों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन का गहन प्रशिक्षण दिया गया। सरकार के लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक विद्यालय को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की मुहिम के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के नोडल प्रभारी सतीश कुमार धवन (प्रवक्ता, डाइट बांसी) ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आईसीटी लैब के प्रभावी उपयोग, स्मार्ट क्लास के माध्यम से रोचक शिक्षण और ई-कंटेंट निर्माण में पारम्परागत करना है। उन्होंने जोर दिया कि अब विद्यालयों में बच्चे आधुनिक और सहभागी वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षकों में मास्टर ट्रेनर बृज किशोर तिवारी, वैभव श्रीवास्तव एवं अविनाश मौर्य ने शिक्षकों को डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।



जिला प्रशासन को ज्ञापन देते सवर्ण स्वाभिमान बचाओ मंच के पदाधिकारी।

### यूजीसी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** यूजीसी के नए कानूनों को लेकर सवर्ण समाज लगातार आंदोलित है। इसी क्रम में सवर्ण स्वाभिमान बचाओ मंच ने सोमवार को सैकड़ों नागरिकों के साथ यूजीसी के विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि यूजीसी कानून सवर्ण समाज को प्रताड़ित करने, सामाजिक समरसता को बिगाड़ने और समाज में विद्वेष फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने के लिए उद्देश्य से लाया गया है। इस कानून से किसी को कोई फायदा नहीं होने वाला है बल्कि सवर्ण समाज के बच्चों को पढ़ाई से दूर करने का कुत्सित प्रयास है। सवर्ण स्वाभिमान बचाओ मंच ने इस कानून को अनुचित और गैरजरूरी बताते हुए केंद्र सरकार से इसे वापस लेने की मांग की। इस मौके पर अध्यक्ष गोपाल सिंह के अलावा दिनेश दूबे, ज्ञान पांडेय, अविनाश सिंह, बब्लू सिंह, भाष्कर दुबे, अनुराग यादव, आशुतोष मल्ल, रणविजय सिंह, अमित जयसवाल, पं. संदीप त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

विरोध

25 तक चलेगा क्रमिक आंदोलन, 26 को बीएसए कार्यालय पर धरने का आह्वान

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के विरोध में सोमवार को काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। यह क्रमिक विरोध प्रदर्शन 23 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा ड्यूटी करते समय भी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। सोमवार को खलीलाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पटखौली में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। संघ के ट्विटर अभियान की सफलता के बाद यह आंदोलन शुरू किया गया है। इसी क्रम में जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद में संघ की जिलाध्यक्ष अंबिका देवी यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें आंदोलन की रणनीति और सफलता पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने सभी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों से 23 से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर टीईटी अनिवार्यता के "काले कानून" का विरोध करने की अपील की। साथ ही 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर आयोजित धरने में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

बैठक में संगठनात्मक बदलावों की भी घोषणा की गई। ओम प्रकाश यादव के निधन के बाद संघ के जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी के.सी. सिंह को सौंपी गई। यह निर्णय जिला कार्यसमिति और ब्लॉक पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से लिया गया। वहीं बिपिन कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराने वालों में संरक्षक गंगा प्रसाद यादव, विजय नाथ यादव, मो. आजम, जयभान चौधरी, अभिनव प्रताप सिंह, शिवचरन गुप्ता, राहुल यादव, , रामनाथ यादव, प्रेम प्रकाश दूबे, प्रमोद पाठक, इंद्रकांत चौधरी, बृजभूषण यादव, जूनियर शिक्षक संघ से अब्दुर्रहीम, जलालुद्दीन, शमीम अहमद और मुबारक हुसैन भी विरोध प्रदर्शन में मौजूद रहे।



जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद में काली पट्टी बांधकर टीईटी अनिवार्यता का विरोध प्रदर्शन करते प्राइमरी स्कूल के शिक्षकगण। अमृत विचार



प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपाइयों ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 131वें संस्करण को विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अंतर्गत मंडल नौगढ़ देहात के बूथ संख्या - 260 सोहास शुमाली पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सुना। मन की बात सुनने के उपरांत जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन और राष्ट्र निर्माण पर प्रधानमंत्री के विचार प्रेरणादायी हैं। मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों की उपलब्धियों और आकांक्षाओं को इतने सहज और गहन रूप से प्रस्तुत करना, हर बार एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। आज जिस प्रकार से प्रधानमंत्री ने परीक्षार्थी विद्यार्थियो का उत्साह वर्धन किया है वह अविस्मरणीय है। उक्त अवसर पर जिला मिडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अनिल गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

